**न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय, कोर्ट नं0–1, बिजनौर।**

**सत्रवाद सं0– 67/2017**

**सरकार बनाम कृष्णपाल सिंह**

**दि0 20–07–2023**

पत्रावली पेश हुई। पुकार कराई गयी। अभियुक्त महीपाल उपस्थित आया तथा अभियुक्त कृष्णपाल की ओर से हाजिरी माफी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियुक्त उपरोक्त की हाजिरी प्रार्थना पत्र पर केवल आज के लिए माफ की जाती है।

पत्रावली का अवलोकन किया। सम्बन्धित थाने से प्राप्त आख्या के अनुसार अभियुक्त विजयपाल पुत्र केसरी निवासी ग्राम सिड़ियावाली, थाना नूरपुर, जिला बिजनौर की मृत्यु दिनांक 10–11–2021 को हो चुकी है। अभियुक्त विजयपाल के मृत्यु प्रमाणपत्र की प्रति ख–66/3 भी पत्रावली पर उपलब्ध है, जिसमें उसके मृत्यु की दिनांक 10–11–2021 अंकित है।

उपरोक्त प्रपत्र के सम्बन्ध में एस0आई0 प्रमोद कुमार हाल तैनात थाना स्योहारा, जिला बिजनौर का बयान सी0डब्लू0 1 के रूप में इस सन्दर्भ में अंकित किया गया है कि अभियुक्त विजयपाल की मृत्यु दिनांक 10–11–2021 को हो चुकी है।

अतः उपरोक्त समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए **अभियुक्त विजयपाल पुत्र केसरी निवासी ग्राम सिड़ियावाली, थाना नूरपुर, जिला बिजनौर के विरूद्ध प्रस्तुत वाद की कार्यवाही अपास्त (Abate) की जाती है।** पत्रावली वास्ते साक्ष्य दिनांक 04–08–2023 को पेश हो।

**(तालेवर सिंह)**
(J.O. Code-UP6475 )
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नं0–2,बिजनौर।

Digitally signed by Talewar Singh
Date: 2023.07.20 16:03:26 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court